# ARMED FORCES FLAG DAY



07 December 2023

# GLIMPSES
# Armed Forces Flag Day - 2022



Hon'ble President
**Shrimati Droupadi Murmu**



Hon'ble Prime Minister
**Shri Narendra Modi**



Hon'ble Defence Minister
**Shri Rajnath Singh**



Hon'ble Deputy Defence Minister
**Shri Ajay Bhatt**

# केन्द्रीय सैनिक बोर्ड सचिवालय

# KENDRIYA SAINIK BOARD SECRETARIAT

(AN ISO 9001:2008 CERTIFIED ORGANISATION)





Department of Ex-Servicemen Welfare, Ministry of Defence, Govt. of India
West Block-IV, RK Puram, New Delhi-110066 Tel.: 011-26192360

**Websites : www.affdf.gov.in, www.ksb.gov.in**



# राष्ट्रपति
# भारत गणतंत्र
## PRESIDENT
## REPUBLIC OF INDIA

### <u>संदेश</u>

सशस्त्र बलों के शहीदों को सम्मानित करने के लिए हर साल 07 दिसंबर को मनाये जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर, मैं सशस्त्र बलों के कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति प्रशंसा व्यक्त करती हूं।

यह दिन हमें राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए सशस्त्र बलों के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है और हमें उनके साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

मैं भारत के लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आह्वान करती हूं, जिससे हम अपने बहादुर शहीदों के आश्रितों, पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण को सुनिश्चित कर सकें।

मैं सशस्त्र सेना झंडा दिवस की सफलता की कामना करती हूं।

द्रौपदी

(द्रौपदी मुर्मु)

नई दिल्ली

13 नवम्बर, 2023



सत्यमेव जयते

भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# राष्ट्रपति
# भारत गणतंत्र

# PRESIDENT
# REPUBLIC OF INDIA

## MESSAGE

On the momentous occasion of Armed Forces Flag Day, which is observed every year on December 07 to honour the martyrs of Armed Forces, I convey my appreciation for Armed Forces personnel, ex-servicemen and their families.

This day reminds us of our responsibility towards the Armed Forces and veterans who serve the nation selflessly and offers us an opportunity to express our solidarity with them.

I call upon the people of India to contribute on the occasion of Armed Forces Flag Day so that we can ensure rehabilitation and welfare of dependents of our brave martyrs and the ex-servicemen fraternity.

I wish the Armed Forces Flag Day every success.

**(Droupadi Murmu)**

**New Delhi**
**November 13, 2023**



भारत के उपराष्ट्रपति

## VICE-PRESIDENT OF INDIA

### MESSAGE

Armed Forces Flag Day, observed on 7th December every year, offers us the opportunity to honour the bravehearts who valiantly fought on our borders to safeguard the nation.

Our armed forces are the sentinels of our sovereignty, the protectors of our freedom, and the embodiment of our national pride. They are the epitome of courage, discipline, and sacrifice, standing as a formidable shield against external, threats and ready to face any adversity with unparalleled resilience.

On this occasion, I express my solidarity with our serving personnel, veterans and their families. I urge every citizen to stand by our men in uniform, and to extend all support to our gallant heroes who have dedicated their lives to the service of the motherland.

Jagdeep Dhankhar

New Delhi
15th November, 2023



सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# प्रधान मंत्री
# PRIME MINISTER

## MESSAGE

The Armed Forces Flag Day (AFFD) on December 7 is an occasion to remember the courage and commitment of the bravehearts of our Armed Forces. It is also a day to recognise the sacrifices made by every member of the fraternity of our Armed Forces, as well as their near and dear ones.

The nation has great respect for our soldiers and their families. The unparalleled valour displayed by our defence personnel in service of Maa Bharati and the unwavering support of their families deserve our highest respect.

For the last more than seven decades, this day has been instrumental in raising awareness about our bravehearts and ex-servicemen, importance of caring for them, supporting efforts for rehabilitation of the disabled, as well as working for the welfare of their families.

The years till 2047 are a period to dedicate our efforts to realise the vision of building a strong, inclusive and developed nation. The role of our Armed Forces personnel in this endeavour of nation-building is of critical importance.

On this day, let us unite in showing our unwavering support and gratitude towards the Armed. Forces, as well as contribute to the AFFD Fund.

Jai Hind!

**(Narendra Modi)**

New Delhi
**कार्तिक 30, शक संवत् 1945**
21st November, 2023



# रक्षा मंत्री
# भारत
# DEFENCE MINISTER
# INDIA

## संदेश

हमारे देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए हमारी सीमाओं पर बहादुरी से लड़ने वाले शहीदों और सैनिकों को सम्मानित करने के लिए हर साल 07 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के कठिन कार्य में सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों का योगदान हम सभी के लिए गर्व की बात है। इसलिए यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि शहीद सैनिकों और सेवानिवृत्त सशस्त्र बल कर्मियों के आश्रित सम्मान और गर्व से भरा जीवन जी सकें।

आइए हम सामूहिक रूप से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में सहयोग के माध्यम से अपने बहादुर शहीदों की विधवाओं/आश्रितों और सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को फिर से दोहराएँ।

"जय हिंद"

( राजनाथ सिंह )

दिनांक : 16 अक्टूबर, 2023

स्थान : नई दिल्ली



रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

## MESSAGE

Armed Forces Flag Day is observed on 07th December every year to honour the martyrs and the personnel in uniform who fight valiantly on our borders to safeguard the sovereignty and territorial integrity of our country.

The contribution of serving and retired personnel in the great task of national security is a matter of pride for all of us. It is, hence, our collective duty and responsibility to ensure that dependents of martyred soldiers and retired Armed Forces personnel get due recognition from all of us.

Let us collectively reaffirm our resolve to ensure dignified resettlement of widows/dependents of our brave martyrs and the retired personnel by means of contribution towards Armed Forces Flag Day Fund.

"Jai Hind"

**(Rajnath Singh)**

Date: 16 Oct, 2023
Place: New Delhi



## MINISTER OF STATE FOR DEFENCE & TOURISM
## GOVT OF INDIA

# MESSAGE

On the occasion of Armed Forces Flag Day-2023, I extend my best wishes and greetings to Armed Forces personnel, Ex-servicemen and their families.

Every year we celebrate the 7$^{th}$ December as "Armed Forces Flag Day" to show our solidarity, gratitude and respect towards the dedicated selflessness and valiant sacrifices made by our Armed Forces personnel both serving and veterans. Our Defence forces not only defend the sovereignty and integrity of the nation, but also effectively handle insurgency as well as aid and support our citizens in times of natural calamities.

On this day, during this year of Azadi Ka Amrit Mahotsav, I appeal to all citizens of the nation to donate wholeheartedly to the Armed Forces Flag Day Fund to support the welfare schemes for rehabilitation of Ex-Servicemen, war widows and their dependent families.

Jai Hind !

**(Ajay Bhatt)**

Station : New Delhi
Dated : 13 Oct, 2023



**जनरल अनिल चौहान**

पी वी एस एम, यू वाई एस एम, ए वी एस एम, एस एम, वी एस एम

**प्रमुख रक्षा अध्यक्ष**

भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष

CHIEF OF DEFENCE STAFF

## संदेश

मैं, सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2023 के अवसर पर अपने सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों, पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

भारतीय सशस्त्र बलों ने अपनी दृढ़ता अनेक युद्धों में प्रदर्शित की है तथा वास्तव में ये 'साहस, निस्वार्थ सेवा एवं बलिदान' का साक्षात रूप हैं। इन्होंने, बाहरी हमलों से देश की सुरक्षा की अपनी प्राथमिक भूमिका के साथ-साथ गैर पारंपरिक खतरों से मुकाबले में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह महत्वपूर्ण दिन हमें नैतिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम अपने उन सैनिकों के परिवारों को सहयोग प्रदान करें जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

आइये, हम सभी 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में तहेदिल से सहयोग करें तथा इस पवित्र उद्देश्य हेतु उदारतापूर्वक योगदान दें।

जय हिन्द !

(अनिल चौहान)
जनरल
प्रमुख रक्षा अध्यक्ष



# General Anil Chauhan

**PVSM, UYSM, AVSM, SM, VSM**

**Chief of Defence Staff**

## MESSAGE

On the occasion of the Armed Forces Flag Day 2023, I extend my warm greetings to all personnel of our Armed Forces, veterans and to the Veer Naris.

The Armed Force of India have proven their mettle in many a battlefield and are the true embodiment of '**Valour, Selfless Duty and Sacrifice**'. Apart from their primary role of defending the Country against external aggression, they have also played a crucial role in meeting the challenges posed by non-traditional threats to the Nation.

This momentous day reminds us of our moral responsibility of extending our sincere support to the families of our soldiers who have made the supreme sacrifice in the line of duty.

Let us all wholeheartedly support the various endeavours and welfare schemes for Ex-Servicemen and their dependents that are being organised through the Armed Forces Flag Day Fund and contribute benevolently to this noble cause.

**Jai Hind!**

**(Anil Chauhan)**
General
Chief of Defence Staff



**जनरल मनोज पाण्डे**
पी वी एस एम, ए वी एस एम, वी एस एम, ए डी सी
**सेनाध्यक्ष**

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

सेनाध्यक्ष
सत्यमेव जयते
CHIEF OF THE ARMY STAFF

## संदेश

हर साल 07 दिसम्बर को मनाया जाने वाला सशस्त्र सेना झंडा दिवस, हमारे महान राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा करते हुए अपने जीवन का समर्पण करने वाले सभी सशस्त्र सेना के सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का अवसर है।

हमारे रक्षा बलों और सेवानिवृत सैनिकों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए, मैं उन सभी नागरिकों का आभारी हूँ जिन्होनें 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' के लिए उदारतापूर्वक सहयोग दिया है। इसका उपयोग विशेष रुप से हमारे वीर शहीदों के परिवारों, विकलांग सैनिकों और गर्वान्वित सिपाहियों के कल्याण के लिए कई योजनाओं के माध्यम से किया जाता है।

मैं अपने नागरिको से अनुरोध करता हूँ, कि वे हमारे संयुक्त कल्याणकारी प्रयासों में भागीदारी और योगदान कर, हमारा समर्थन करते रहें।

जय हिन्द !

( मनोज पाण्डे )
जनरल
सेनाध्यक्ष



**General Manoj Pande**

**PVSM, AVSM, VSM, ADC**

**Chief of the Army Staff**

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

सेनाध्यक्ष
सत्यमेव जयते
CHIEF OF THE ARMY STAFF

# MESSAGE

The observance of the Armed Forces Flag Day on the 7th of December every year, serves as a solemn occasion to pay tribute to all Armed Forces personnel, who have devoted their lives in rendering selfless service to our great nation.

On the occasion of the Armed Forces Flag Day on 07 December 2023, I wish to express my gratitude to our fellow citizens, who have benevolently contributed to the Armed Forces Flag Day Fund, an initiative established for the welfare of families of our brave soldiers who made the supreme sacrifice, soldiers who are disabled and our veterans.

On this occasion, I appeal to our citizens to continue supporting us in our collective mission to provide care, assistance, rehabilitation and financial support to our Veer Naris, families of the bravehearts who laid down their lives in service of the nation, our war disabled soldiers and veterans.

**'Jai Hind'**

(Manoj Pande)
General
Chief of the Army Staff



**एडमिरल आर हरी कुमार**
प वि से मे अ वि से मे वि से मे ए डी सी
**नौसेनाध्यक्ष**

# संदेश

हमारे राष्ट्र के इतिहास में सशस्त्र सेना झंडा दिवस का विशेष उल्लेख है जो हमारी सशस्त्र सेना के पराक्रम, शौर्य एवं बलिदान की याद दिलाता है। यह हमारे वीर सिपाहियों के पराक्रम को स्मरण करने तथा मातृभूमि की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। गंभीर खतरों का सामना करते हुए उनके द्वारा किए गए बलिदान न केवल हमारी प्रशंसा अपितु अनन्य समर्थन के भी पात्र हैं।

इस अवसर पर मैं आप सभी सैनिकों से आग्रह करता हूं कि इस महान उद्देश्य की पूर्ति में अपना भरपूर योगदान दें। इन योगदानों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने, घायलों तथा अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सिपाहियों के परिवारों को सहयोग देने की दिशा में किए गए असाधारण प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इन शूरवीरों तथा इनके आश्रितों के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं, शिक्षा तथा भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए समग्र सहयोग प्रदान करने हेतु हमें प्रतिबद्ध रहना चाहिए। यह हमारी ओर से प्रदर्शित कृतज्ञता का प्रतीक मात्र नहीं है, अपितु उन लोगों के प्रति हमारे सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रमाण है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए।

आज जब हम 07 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मना रहे हैं, आइए हम अपने महानायकों को सम्मान देने, उनकी सहायता करने तथा उनका स्मरण करने के लिए एक सेना बल, एक परिवार तथा एक राष्ट्र के रूप में एकजुट हों। उनके बलिदानों को कभी न भुलाया जाए और उनकी भलाई एवं हमारे देश की सुरक्षा के प्रति हमारे समर्पण के माध्यम से उनकी धरोहर सदैव संरक्षित रहे। आज जब हम एक सुरक्षित, मजबूत तथा पहले से अधिक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की दिशा में मिलकर कार्य कर रहे हैं, मेरी कामना है कि आपसी सौहार्द तथा एकता की भावना इसी प्रकार हमारा मार्गदर्शन करती रहे ।

जय भारत !

हरी कुमार
( आर हरी कुमार )
एडमिरल

दिनांक: 03 नवंबर 23



# Admiral R Hari Kumar

**PVSM, AVSM, VSM, ADC**

**Chief of the Naval Staff**

G20 भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

Chief of the Naval Staff

## MESSAGE

The Armed Forces Flag Day, etched in the annals of our nation's history, serves as a solemn reminder of the unyielding spirit, courage and sacrifice of our Armed Forces. It is a momentous opportunity for us to reflect on the valour of our brave soldiers and express our deepest appreciation for their unwavering commitment towards safeguarding our nation. Their sacrifices, often made in the face of grave danger, deserve not only our admiration but also our whole-hearted support.

On this occasion, let me urge each and every soldier to contribute handsomely for this noble cause. I am particularly proud to acknowledge the exceptional efforts made to use these contributions effectively, to support the wounded and the families of the brave soldiers who have made the supreme sacrifice. We must remain committed to providing comprehensive support encompassing healthcare, education and emotional well-being to these valiant individuals and their dependents. This is not just a token of our gratitude, but is a testament to our collective responsibility towards those who have paid the ultimate price for our nation's safety.

As we commemorate the Armed Forces Flag Day on 07 December, let us unite as one force, one family, and one nation in our efforts to honour, support and remember our heroes. May their sacrifices never be forgotten, and their legacy live on through our commitment to their well-being and our nation's security! May the spirit of camaraderie and unity continue to guide us as we work together towards a safer, stronger and more prosperous nation!

Jai Bharat!

Hari kumar

(R Hari Kumar)
Admiral

Dated: 03 Nov 23



**एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी**
**प वि से मे  अ वि से मे  वा से मे  ए डी सी**
**वायु सेनाध्यक्ष**

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

वायु सेनाध्यक्ष
CHIEF OF THE AIR STAFF
★ ★ ★ ★

## संदेश

प्रत्येक वर्ष 07 दिसंबर को मनाया जाने वाला सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारत के सभी नागरिकों के लिए एक गौरवपूर्ण दिवस है। हम उन सभी वीरों के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

यह दिवस हमारे वीर योद्धाओं के सगे-संबंधियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण को सुनिश्चित करने की ओर हमारी एकजुटता और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करने का एक अवसर प्रदान करता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर भारतीय नागरिकों द्वारा उदारतापूर्वक योगदान हमारे सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों और हमारे राष्ट्र की सहायता में मील का पत्थर साबित होगा ।

भारतीय वायुसेना के सभी वायु योद्धाओं की ओर से मैं अपने भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों को प्रदान किए जा रहे अटूट सहयोग के लिए केन्द्रीय सैनिक बोर्ड को शुभकामनाएं देता हूं और उनके सभी भावी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

जय हिंद!

एयर चीफ मार्शल
वायुसेनाध्यक्ष

11 अक्टूबर 2023



# Air Chief Marshal VR Chaudhari

PVSM, AVSM, VM, ADC

**Chief of the Air Staff**

## MESSAGE

The Armed Forces Flag Day commemorated every year on 07 December, is a day of special significance for all citizens of India. We honour and pay tribute to the heroes who have made the supreme sacrifice and laid down their lives protecting the sovereignty and territorial integrity of our nation.

The occasion provides us the opportunity to demonstrate our solidarity and reaffirm our resolve towards ensuring the well-being of the kith and kin of our bravehearts, veterans and their families. The generous contributions by the people of India towards Armed Forces Flag Day goes a long way in assuring our Armed Forces personnel, the support of our nation.

On behalf of all air warriors of the Indian Air Force, I extend my best wishes to the Kendriya Sainik Board for their steadfast support to our veterans and their families and wish them continued success in the years to come.

Jai Hindi

Air Chief Marshal
Chief of the Air Staff

11 Oct 23



# रक्षा सचिव
# भारत सरकार

## संदेश

हमारी संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने के लिए बहादुरी से प्रयास करने वाले शहीदों और वर्दीधारी सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। मैं सशस्त्र बलों के सभी रैंकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूँ।

इस दिन कृतज्ञ राष्ट्र सशस्त्र बलों के सर्वोच्च बलिदान को गर्व के साथ याद करता है। मैं देश के नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में पूरे दिल से सहयोग देने की अपील करता हूँ, जिसका उपयोग वीर नारियों, पूर्व-सेवा कर्मियों और उनके आश्रितों के कल्याण और पुनर्वास के लिए किया जाता है।

( गिरिधर अरमने )

नई दिल्ली,

06 अक्टूबर, 2023



सत्यमेव जयते

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

## DEFENCE SECRETARY
## GOVT OF INDIA

## MESSAGE

The Armed Forces Flag Day will be observed on 7th December to pay homage to the martyrs and men in uniform who strive bravely to uphold our sovereignty and integrity. I convey my best wishes to all ranks of the Armed Forces, veterans and their families.

On this day, the grateful nation remembers with pride the supreme sacrifices made by our Armed Forces.

I appeal to the citizens of the country to contribute wholeheartedly to the Armed Forces Flag Day Fund which is used for the welfare and rehabilitation of veer naris, Ex-Service personnel and their dependents.

(Giridhar Aramane)

New Delhi,

October 6 2023.



सत्यमेव जयते

भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# सचिव
# पूर्व सैनिक कल्याण विभाग
# भारत सरकार

## संदेश

राष्ट्र की सेवा में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदानों की याद में हर साल 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। मैं इस अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी पदो और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

झंडा दिवस हमें अपने बहादुर सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी देता है जो हमें दुश्मनों से बचाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और विभिन्न आपदाओं के दौरान सहायता भी प्रदान करते हैं।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि का उपयोग पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के पुनर्वास और कल्याण के लिए किया जाता है। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए गरीबी अनुदान, शिक्षा अनुदान और विवाह अनुदान जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" से वित्तीय सहायता दी जाती है।

मुझे पूरी उम्मीद है कि इस अभियान के माध्यम से सशस्त्र सेना झंडा दिवस पूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों के बारे में हमारे नागरिकों में जागरूकता पैदा करेगा। मैं सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने की भी अपील करता हूं।

विजय कुमार सिंह

( विजय कुमार सिंह )

नई दिल्ली

06 अक्टूबर, 2023



## SECRETARY
## DEPARTMENT OF EX-SERVICEMEN WELFARE
## GOVT OF INDIA

## MESSAGE

The Armed Forces Flag Day is observed on 7th December every year to commemorate the supreme sacrifices made by our Armed Forces in the service of the nation. I extend warm felicitations and good wishes to all ranks of the Armed Forces and their families on this occasion.

The Flag Day also gives us an opportunity to express our gratitude to our valiant Armed Forces who are always ready to protect us from our enemies and also provide help during various calamities.

The Armed Forces Flag Day Fund is utilised towards resettlement and welfare of ESM and Veer Naris. Various Welfare schemes like Penury grant, Education grant and Marriage grant for the ESM and their dependents are funded out of the AFFDF.

I sincerely hope that Armed Forces Flag Day will create awareness amongst our citizens about the welfare activities for the Ex-Servicemen through this campaign. I also earnestly appeal to all Citizens to generously contribute towards the Armed Forces Flag Day Fund.

**(Vijoy Kumar Singh)**

New Delhi
06th October, 2023

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2023




सशस्त्र सेना झंडा दिवस सीएसआर कॉन्क्लेव 2023

1. वर्ष 1949 से पूरे देश में 7 दिसम्बर का दिन अपने उन सैनिकों के सम्मान स्वरूप "सशस्त्र सेना झंडा दिवस" के रूप में मनाया जाता है जिन्होंने देश की अखंडता की रक्षा हेतु सीमाओं पर बहादुरी के साथ युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

2. राष्ट्रहित के लिए युद्धों में जीत हासिल करना और सीमा पार से हो रही आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करते हुए, हमारी सशस्त्र सेनाएँ अपने सैनिकों की बेशकीमती जिन्दगी आज भी न्योछावर कर रहे हैं। इसके अलावा अनेक सैनिक अक्षम भी हो रहे हैं।

3. हमारी सशस्त्र सेनाओं को युवा बनाये रखने की आवश्यकता के मद्देनजर हमें बड़ी संख्या में अपने सैन्य कार्मियों को 35 से 40 वर्ष के आयु में ही सेवामुक्त करना पड़ता है जबकि वे अपेक्षाकृत युवा, शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं और वे अनुशासन और नेतृत्व गुणों से परिपूर्ण होते हैं।

4. इस दिन सेना, नौसेना और वायुसेना के कार्मिकों द्वारा की गई सेवाओं को याद किया जाता है।

हमारे वीरगति प्राप्त बहादुर सैनिकों के आश्रितों और अशक्त हुए कार्मिकों के पुनर्वास और कल्याण को सुनिश्चित करना देश के सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। झंडा दिवस हमें इन दायित्वों को पूरा करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन सेना, नौसेना और वायुसेना के जिन जवानों ने देश के लिए बलिदान दिया उन्हें सुबह 11 बजे, दो मिनट का मौन रखकर, श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

5. इस दिन आम जनता से स्वेच्छापूर्वक योगदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मिडिया के जरिये इस दिन का महत्व सभी को बताया जाता है। तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लाल, गहरे नीले और हल्के नीले रंग के टोकन फ्लैग केंद्रिय सैनिक बोर्ड द्वारा अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गए हैं, जिन्हें डाउनलोड करके देश के सभी नागरिक गर्व से धारण कर सकते हैं।

6. गैर पैंशन भोगियों, वृद्ध और अक्षम, भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारजनों, युद्ध में दिवंगत हुए सैनिकों की विधवाओं और अनाथ बच्चों की सहायतार्थ केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे उपाय पर्याप्त नहीं होते। अत: इन्हें सहायता, देखभाल, पुनर्वास और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है कि वे स्वेच्छा से उनके बच्चों की शादी, शिक्षा, देखभाल आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की दिशा में अपना योगदान दें।

7. नागरिकों द्वारा अंशदान वर्षभर किया जा सकता है। इस निधि का संचालन रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में एक प्रबंध समिति करती है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि के प्रशासन का उत्तरदायित्व केन्द्रीय सैनिक बोर्ड सचिवालय का है।




8. यह देश के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / उद्योग जगत / कारपोरेट की भी सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अपना अशंदान करें। कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII को भारत सरकार, करपोरेट कार्य मंत्रालय की अधिसूचना जी एस आर-130 (इ) तारीख 27 फरवरी 2014 द्वारा संशोधित किया गया है "सशस्त्र

सेनाओं के पूर्व सैनिकों, विधवाओं तथा उनके आश्रितों को लाभ'' के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / उद्योग / कारपोरेट अपनी ''सी एस आर निधि' से सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में अंशदान कर सकते हैं। वैकल्पिक तौर पर केंद्रिय सैनिक बोर्ड द्वारा संचालित स्कीमों को भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / उद्योग / कारपोरेट अपना सकते हैं या अपने ''सी एस आर निधि'' से प्रयोजित कर सकते हैं।

## कल्याणकारी योजनाएँ

9. केन्द्रीय सैनिक बोर्ड सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि से पूरे देश में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं तथा उनके आश्रितों के लिए बड़ी संख्या पर कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करता है।

10. **रक्षा मंत्री भूतपूर्व सैनिक कल्याण निधि ( आर एम ई डब्लू एफ योजना )**

(क) **गरीबी अनुदान** सेना, वायु सेना और नौसेना में हवलदार और इसके समतुल्य रैंक के 65 वर्ष और इससे अधिक उम्र के गैर-पेंशनभोगी भूतपूर्व सैनिको को गरीबी अनुदान रुपए 4000/- प्रतिमाह दिया जाता है।

(ख) **शिक्षा अनुदान** सेना, वायुसेना और नौसेना में हवलदार और इसके समतुल्य रैंक तक दो बच्चों के लिए स्नातक स्तर तक की शिक्षा के लिए पेंशन भोगियों / गैरपेंशन भोगियों को प्रतिमाह 1000/- रुपये का शिक्षा अनुदान प्रदान किया जाता है। विधवाएँ इस अनुदान का लाभ स्नातकोत्तर स्तर तक ले सकती हैं।




(ग) **100% अशक्त बच्चों के लिए अनुदान** भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना में जे.सी.ओ. और इसके समतुल्य रैंक तक पेंशनभोगियों / गैर पैंशनभोगियों को 100% अशक्त बच्चों के लिए प्रतिमाह 3000/- रुपये का अनुदान प्रदान किया जाता है।

(घ) **पुत्री के विवाह और विधवा के पुनर्विवाह के लिए अनुदान** भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना में हवलदार और इसके समतुल्य रैंक के पेंशनभोगियों / गैर-पेंशनभोगियों को उनकी पुत्री के विवाह और विधवा के पुनर्विवाह के लिए 50,000/- (अधिकतम एक बार) रुपये का अनुदान प्रदान किया जाता है। यह अनुदान केवल दो पुत्रियों के विवाह के लिए दिया जाता है।

(च) **चिकित्सा अनुदान** सेना, वायुसेना और नौसेना में हवलदार और इसके समतुल्य रैंक के गैर-पेंशनभोगियों को 50,000/- (अधिकतम) रुपये (11 अगस्त 2023 से प्रभावी) का चिकित्सा अनुदान प्रदान किया जाता है।

(छ) **अनाथ अनुदान** सेना, वायुसेना और नौसेना में हवलदार और इसके समतुल्य रैंक के पेंशनभोगियों / गैर-पेंशनभोगियों के अनाथ बच्चों को प्रतिमाह 3000/- रुपये का अनाथ अनुदान प्रदान किया जाता है। यह अनुदान भूतपूर्व सैनिकों की पुत्रियों को उनके विवाह होने तक और भूतपूर्व सैनिक के पुत्र को 21 वर्ष की आयु तक प्रदान किया जाता है।

(ज) **व्यावसायिक प्रशिक्षण अनुदान** सेना, वायुसेना और नौसेना में हवलदार और इसके समतुल्य रैंक के पेंशनभोगियों / गैर-पेंशनभोगियों की विधवाओं को 50,000/-रुपये (11 अगस्त 2023 से प्रभावी) (एक बार) का व्यवसायिक प्रशिक्षण अनुदान प्रदान किया जाता है।

## 11. वित्त वर्ष 2022-2023 के दौरान कल्याणकारी योजना के तहत वितरण

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कल्याणकारी योजनाओं के तहत 98615 लाभार्थियों को 248.16 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं।

## 12. अन्य कल्याणकारी योजनाएं

(क) **गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अनुदान** हृदय रोग, जॉइन्ट रेप्लसेमेन्ट आदि गंभीर बिमारियों के इलाज के लिए कुल खर्च का 75% या 90% (क्रमशः अफसर तथा अन्य रैंक के लिए) जो अधिकतम 1.50 लाख रुपये (11 अगस्त 2023 से प्रभावी) तक हो सकता है, कि आर्थिक सहायता दी जाती है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 16 भूतपूर्व सैनिकों को गंभीर बीमारियों के उपचार में खर्च के लिए 14.6 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है।

(ख) **डायलिसिस तथा कैंसर के लिए अनुदान** प्रत्येक वित्त वर्ष कुल खर्च का 75% या 90% आर्थिक सहायता, जो अधिकतम 75,000/- रुपये तक हो सकती है, प्रभावित भूतपूर्व सैनिक को प्रदान की जाती है।

(ग) **परिष्कृत स्कूटर अनुदान** परिष्कृत स्कूटर 50% अथवा इससे अधिक अशक्त भूतपूर्व सैनिकों (सेवानिवृती के उपरांत) को दिए जाते हैं। इस अनुदान के तहत भूतपूर्व सैनिकों को परिष्कृत स्कूटर खरीदने के लिए रु 1,00,000/- की राशि दी जाती है। आवेदक पिछले उपकरण की खरीद की तारीख से 10 साल के अंतराल के बाद नए उपकरण (Modified Scooter) के लिए फिर से आवेदन कर सकता है।

(घ) **आवास ऋण पर छूट** केन्द्रीय सैनिक बोर्ड सचिवालय युद्ध में बेसहारा हुए, अशक्त हुए और शांतिकल के दौरान हताहत हुए सैनिकों को गृह निर्माण के लिए बैंक / सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं से लिए गए आवास ऋण पर 1.00 लाख रुपये तक की राशि पर छूट प्रदान करते हुए पचास प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति करता है।

(च) **अपंग भूतपूर्व सैनिकों का पुनर्वास**

(i) मोहाली तथा किर्की में स्थित अधरंगाघात केन्द्रों में 105 अपंग सैनिकों के उपचार और पुनर्वास के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 156.12 लाख रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है।

(ii) भूतपूर्व सैनिकों तथा उनपर आश्रित कुष्ठ रोगों, टी बी या अन्य संक्रमक रोगों से पीड़ित सदस्यों की देखभाल करने वाले तीन चेशायर होम को वित्तीय सहायता प्रदान जाती है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 0.98 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।

(छ) **अखिल भारतीय गोरखा भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ** देरहादून स्थित अखिल भारतीय गोरखा भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ को भारतीय गोरखा भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए 12.00 लाख रुपये वार्षिक राशि का अनुदान दिया जाता है।



(ज) **युद्ध स्मारक छात्रावासों के लिए अनुदान** के.एस.बी. देश भर में मौजूद 36 युद्ध स्मारक छात्रावासों में रह रहे सैन्य कार्मियों के बच्चों की शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता देता है। ऑपरेशन या गैर-ऑपरेशन में शहीद हुए / अपंग हुए सैन्य कार्मियों के प्रत्येक बच्चों को 1350/- रुपये प्रतिमाह के दर के आर्थिक सहायता

दी जाती है। 2022-23 वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न युद्ध स्मारक छात्रावासों को 16.46 लाख रुपये की राशि दी गई है (छात्र/छात्राओं)।

**13. <u>सैनिक विश्राम गृहों की स्थापना</u>**

भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को पेंशनरी दिक्कतों, चिकित्सीय उपचार, कोर्ट आदि के लिए जिला मुख्यालय की यात्रा के दौरान अल्प कालिक ठहराव के लिए विशेष रूप से निर्मित सैनिक विश्राम गृहों की संख्या हमारे देश में वर्तमान में 348 हैं। केंद्रिय सैनिक बोर्ड इनके निर्माण पर आने वाली लागत का 50% खर्च तथा 11 पहाड़ी राज्यों के प्रत्येक सैनिक विश्राम गृह (82) पर रख रखाव के लिए 50,000 रुपये का वार्षिक खर्च वहन करता है। वर्ष 2022-23 में इस पर 34.00 लाख रुपये खर्च किये गए।

**14.** 31वीं केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की बैठक के दौरान जो 11 अप्रैल, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हमारे सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए गए। चिकित्सा उपचार के लिए अनुदान 30,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया था, विधवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण अनुदान 20,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया था, और गंभीर रोग अनुदान 1,25,000 रुपये से बढ़ाकर 1,50,000 रुपये कर दिया गया था।

**15.** पिछले पांच वर्षों में (2018-2023) 3.7 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 932 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 99000 से अधिक लाभार्थियों को लगभग 250 करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया गया है। इसके अलावा पैराप्लेजिक रिहैबिलिटेशन सेंटर, किर्की और मोहाली, चेशायर होम्स देहरादून, लखनऊ और दिल्ली और देश भर में 36 वॉर मेमोरियल हॉस्टल को भी संस्थागत अनुदान दिया गया है। समय-समय पर इन अनुदानों में वृद्धि की जाती रही है।

**16. <u>आयकर में छूट</u>**

सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में किया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी (5)( VI) के अंतर्गत पंजीकरण संख्या AACTA0965GF2021 दिनांक 10 नवंबर 2022 के द्वारा आयकर से मुक्त है जो मूल्यांकन वर्ष 2022-22 से 2025-26 तक मान्य है।

## 17. सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में अंशदान

इस निधि में अंशदान सचिव, केंद्रिय बोर्ड, वेस्ट ब्लॉक - IV, विंग- VII, आर के पुरम, नई दिल्ली-110066 के मार्फ़त '' **सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि** '' में आहरित नई दिल्ली में देय एकाउंट पेई चेक / डी डी के माध्यम से किया जा सकता है। इसे ए.एफ.एफ.डी.एफ. शीर्ष के अंतर्गत वेबसाइट ( www.affdf.gov.in) के जरिये ऑनलाइन भी जमा किया जा सकता है ( पंजाब नेशनल बैंक खाता संख्या 3083000100179875, आई. एफ. एस. सी. संख्या (PUNB0308300)

---

**जहाँ अंधकार है वहाँ प्रकाश जलाएँ**
**जहाँ निराशा है वहाँ आशा का संचार करें**
**जहाँ चोट है वहाँ मरहम लगाएँ**

---

# ARMED FORCES FLAG DAY - 2023




Raksha Mantri at CSR Conclave 2023

1. Since the year 1949, the Armed Forces Flag Day is observed on $7^{th}$ December, throughout the country, to honour the men in uniform, who bravely fought on our borders to safeguard its territorial integrity and laid down their lives.

2. During the course of achieving victories in various wars the nation has fought and in combating the ongoing cross-border terrorism and insurgency, our Armed Forces continue to sacrifice their valuable lives as well as leaving quite a few disabled. The trauma that the family suffers on the sudden demise of the head of the family is hard to fathom.

3. The requirement of keeping our Armed Forces young necessitates the release of a large number of our service personnel at 35-40 years

of age when they are still young, physically fit and have qualities of discipline, drive and leadership.

4. It is for these reasons that we observe the Armed Forces Flag Day. On this day the services rendered by personnel of Army, Navy and Air Force are remembered. It is the collective duty of every citizen of our country to ensure rehabilitation and welfare of the dependents of our brave soldiers who laid down their lives and disabled personnel. The Flag Day gives us an opportunity to fulfill these obligations. On this day, Army, Navy and Air Force personnel who sacrificed their lives for the Nation are remembered by observing two minutes of silence at 11 AM as a mark of respect.

5. A concerted effort is made on this day to raise contributions from the public. The significance of the Day is brought home through electronic and print media. Token Flags and Car Stickers in red, deep blue and light blue colours, representing the three Services, are made available on the website of Kendriya Sainik Board, which can be downloaded and worn with pride by all citizens of the country.

6. Government measures at the Centre and State level alone are inadequate to provide support to the disabled, non-pensioners, old and infirm ESM, their families, war widows and orphaned children. It, therefore, becomes the collective responsibility of each citizen to make his/her voluntary contribution towards providing care, support, rehabilitation and financial assistance for marriage, education, etc to them.



7. Contribution from public can be made throughout the year. The fund is operated by a Managing Committee, presided over by the Raksha Mantri and Kendriya Sainik Board Secretariat is responsible for administration of "Armed Forces Flag Day Fund".

8. It is the collective responsibility of PSUs/Industries/Corporates of the country to make their contributions for the welfare of ex-servicemen, war widows and their dependents. The Schedule VII of the Companies Act 2013 has been amended vide Govt. of India, Ministry of Corporate Affairs Notification GSR-130 (E) dated 27 Feb 2014 – "benefits to armed forces veterans, war widows and their dependents" allows PSUs/Industries/Corporates to contribute their CSR Fund to the Armed Forces Flag Day Fund. Alternatively, welfare schemes being operated by Kendriya Sainik Board can be adopted / sponsored by PSUs/Industries/ Corporates from their CSR Fund.

## Welfare Schemes

9. Kendriya Sainik Board administers a large number of 'Welfare Schemes' for ex-servicemen, war widows and their dependents across the country from Armed Forces Flag Day Fund.

10. **Raksha Mantri Ex-Servicemen Welfare Fund (RMWEF Schemes)**

(a) **Penury Grant**. Penury grant of Rs. 4000/- per month is provided to Non-pensioners upto the rank of Hav and equivalent in Air Force and Navy having age of 65 years and above.

(b) **Education Grant**. Education grant of Rs. 1000/- per month is provided to Pensioner / Non-pensioner upto the rank of Hav and equivalent in Army, Air Force and Navy for education of two children upto graduation level. Widows can claim this grant upto post graduation level.



(c) **100% Disabled Children Grant**. Disabled Children grant of Rs. 3000/- per child per month is provided to Pensioner / Non-pensioner upto the rank of JCO and equivalent in Army, Air Force and Navy, whose children are 100% disabled.

(d) **Daughter's Marriage & Widow Re-marriage Grant**. Daughter's marriage & Widow Re-marriage grant of Rs. 50,000/- (maximum one time) is provided to Pensioner / Non-pensioner upto the rank of Hav and equivalent in Army, Air Force and Navy. The grant is applicable for two daughters only.

(e) **Medical Grant**. Medical grant of Rs. 50,000/- (maximum) w.e.f. 11 Aug 2023 is provided to Non-pensioners upto the rank of Hav and equivalent in Army, Air Force and Navy.

(f) **Orphan Grant**. Orphan grant of Rs. 3000/- per month is provided to Pensioner / Non-pensioner upto the rank of Hav and equivalent in Army, Air Force and Navy. The grant is applicable for daughters of ESM till she is married and also for one son of ESM up to 21 years of age.

(g) **Vocational Training Grant**. Vocational Training grant of Rs. 50,000/- w.e.f. 11 Aug 2023 (one time) is provided to the widows of Pensioner / Non-pensioner ESM upto the rank of Hav and equivalent in Army, Air Force and Navy.

11. **Disbursement under Welfare Scheme during FY 2022-23.** A sum of Rs. 248.16 crore (Rupees Two Hundred Forty Eight Crore Sixteen Lakhs Only) has been disbursed to 98615 nos of beneficiaries under Welfare Schemes during financial year 2022-23.

12. **Other Welfare Scheme**

(a) **Grant for Treatment of Serious Disease.** Financial assistance of 75% or 90% of total expenditure upto a maximum of Rs. 1.50 lakhs (one time) (w.e.f. 11 Aug 2023) for treatment of serious disease like heart ailment, joint replacement etc is provided. A sum of Rs. 14.60 lakhs has been released to 16 ESM towards financial assistance for serious diseases during the Financial Year 2022-23.

(b) **Grant for Treatment of Dialysis and Cancer.** Financial assistance 75% or 90% of total expenditure upto a maximum of Rs. 75000/- is provided to affected ESM.

(c) **Modified Scooters Grant.** Modified Scooters are provided to ESM having disability of 50% or more and not covered under the scheme of AG's Branch. An amount of Rs. 1,00,000/- is provided to the eligible ESM for procurement of Modified Scooters. The applicant can re-apply for a new mobility equipment after a lapse of 10 years from the date of purchase of the previous equipment.

(d) **Subsidy on Home Loan.** KSB Sectt reimburses 50% interest by way of subsidy on home loan upto Rs. one lakh from banks/Public Sector Institutions, for construction of house to War Bereaved, War Disabled and attributable Peace time casualities.

(e) **Rehabilitation of Disabled Ex-Servicemen.**

(i) Financial assistance is provided to Paraplegic Centres at Mohali and Kirkee for treatment and rehabilitation of approximately 105 disabled soldiers. A sum of Rs. 156.12 lakhs have been provided in the Financial Year 2022-23.




(ii) Financial assistance is provided to three 'Cheshire Homes' to look after the dependents of ESM suffering from leprosy, TB or other infectious diseases. A sum of Rs 0.98 lakhs have been provided in the Financial Year 2022-23.

(f) **Grants to War Memorial Hostels.** Financial Assistance towards education and maintenance of children of martyred service personnel residing at any of the 36 War Memorial Hostels across the country is provided by KSB. The financial assistance is provided @ Rs. 1350/- p.m. per child to wards of attributable & non-attributable cases (died in harness). A sum of Rs. 16.46 lakhs has been given to various War Memorial Hostels in the Financial Year 2022-23.

(g) **Grants to All India Gorkha Ex-servicemen Welfare Associations.** Grant of Rs. 12.00 lakhs per annum is provided to All India Gorkha Ex-servicemen Welfare Association Dehradun for welfare of Indian Gorkha Ex-servicemen and their dependents.

13. **Establishment of Sainik Rest Houses.** At present, there are 348 Sainik Rest House in the country, exclusively meant for Ex-servicemen and their families for short stay during their visit to District HQs in connection with settlement of pensionary claims, Medical treatment, litigation, etc. KSB provides 50% of the cost of construction and also provides Rs. 50,000/- per Sainik Rest House (82) for its annual maintenance in eleven Hill States of the country. An amount of Rs. 34.00 lakhs was paid in financial year 2022-23.




14. In the 31st Kendriya Sainik Board meeting on April 11, 2023, at Vigyan Bhavan, New Delhi under the Chairmanship of Shri Rajnath Singh, Hon'ble Raksha Mantri several steps were taken for the welfare of our soldiers, veer naris and their dependents. Grants were raised for Medical Treatment Grant increased from Rs. 30,000 to Rs. 50,000, Vocational Training Grant for Widows increased from Rs. 20,000 to Rs. 50,000, and Serious Diseases Grant increased from Rs. 1,25,000 to Rs. 1,50,000.

15. In the last five years (2018-2023), grants worth approximately Rs. 932 crore have been distributed to more than 3.7 lakh beneficiaries. In the financial year 2022-23, a grant of approximately Rs. 250 crore has been distributed to more than 99000 beneficiaries. Apart from this Institutional grants have also been given to Paraplegic Rehabilitation Centre, Kirkee and Mohali, Cheshire Homes Dehradun, Lucknow and Delhi and 36 War Memorial Hostels across the country. These grants have been increased from time to time.

16. **Exemption from Income Tax.** Donation to Armed Forces Flag Day Fund is exempted from Income-tax under Section 80G (5) (vi) of Income Tax Act 1961, valid from Assessment Year 2022-23 to 2025-26 vide Registration Number AACTA0965GF20221 dated 10 November 2022.

17. **Contributions to Armed Forces Flag Day Fund.** Contributions to the Fund are recommended to be sent through account payee cheques/DD drawn in favour of the **"Armed Forces Flag Day Fund"** C/o Secretary Kendriya Sainik Board, West Block-IV, Wing-VII, RK Puram, New Delhi-110 066, payable at New Delhi or deposited directly / online via website www.affdf.gov.in under the head AFFDF. (**Punjab National Bank** A/C No. **3083000100179875,** IFSC No. PUNB0308300).

***Where there is darkness let us bring some light***
***Where there is despair let us bring some hope***
***Where there is suffering let us bring some healing***

## DETAILS OF SECRETARY, KSB

| Sl No. | Rank | Name | From | To |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Brigadier | BL Kapoor | 30 Jan 1981 | 31 Dec 1983 |
| 2. | Air Cmde | DK Ahuja | 19 Mar 1984 | 05 Aug 1988 |
| 3. | Capt (IN) | R P Pruthi, VSM | 31 Aug 1988 | 29 Dec 1989 |
| 4. | Brigadier | Shakti Singh, VSM | 03 July 1990 | 30 Sep 1992 |
| 5. | Air Cmde | K Sridharan, VM | 23 Nov 1992 | 19 Apr 1995 |
| 6. | Cmde | Vijay K Thapar | 30 Dec 1995 | 31 Dec 1997 |
| 7. | Brigadier | Ashok Sondhi | 20 Jan 1998 | 05 Feb 2000 |
| 8. | Air Cmde | T S Chhatwal, AVSM, SC, VM | 06 Feb 2000 | 30 Sep 2001 |
| 9. | Cmde | Lokesh K Batra, FIN CA FIS IN | 30 Oct 2001 | 31 Dec 2002 |
| 10. | Brigadier | Harendra Mohan | 01 Jan 2003 | 27 July2003 |
| 11. | Brigadier | SG Saincher | 28 July 2003 | 31 Aug 2004 |
| 12. | Brigadier | Y N Sharma | 16 Sep 2004 | 01 Dec 2004 |
| 13. | Air Cmde | K K Dwivedi, VM | 02 Dec 2004 | 31 Aug 2006 |
| 14. | Cmde | K C Choudhury, VSM | 15 Sep 2006 | 31 Jan 2009 |
| 15. | Brigadier | Sudhir Uppal, VSM | 01 Feb 2009 | 31 Sep 2011 |
| 16. | Air Cmde | Sanjay Sharma | 01 Oct 2011 | 30 Apr 2013 |
| 17. | Cmde | Rohtas Singh | 01 Aug 2013 | 29 July 2016 |
| 18. | Brigadier | M H Rizvi, VSM | 01 Aug 2016 | 03 Jan 2018 |
| 19. | Brigadier | Mrigendra Kumar, SM | 22 Jan 2018 | 03 July 2020 |
| 20. | Air Cmde | B. Ahluwalia, VSM | 01 Sep 2020 | 31 March 2022 |
| 21. | Cmde | H. P. Singh | 19 Apr 2022 | till date |

# ARMED FORCES FLAG DAY

## WELFARE SCHEMES / कल्याणकारी योजनायें

| Ser.<br>क्र. | Name of Scheme<br>योजना का नाम | Annual Rate<br>वार्षिक अनुदान<br>(₹) |
|---|---|---|
| 1 | Penury Grant (Age>65 Years)<br>गरीबी अनुदान (आयु -> 65 वर्ष)<br>Non-Pensioner upto Hav Rank<br>गैर-पेंशनभोगी हवलदार एवं समतुल्य रैंक तक | 48,000 |
| 2 | Education Grant (Std I to Graduation) (up to 2 children)<br>शिक्षा अनुदान (कक्षा 1 से स्नातक) (दो बच्चों तक)<br>upto Hav Rank / हवलदार एवं समतुल्य रैंक तक | 12,000<br>(Each/प्रत्येक) |
| 3 | Disabled Children Grant<br>अशक्त बच्चों को अनुदान<br>upto JCO / जे. सी. ओ. एवं समतुल्य रैंक तक | 36,000 |
| 4 | Orphan Children Grant<br>अनाथ बच्चों को अनुदान | 36,000 |
| 5 | Medical Grant (Maximum)<br>चिकित्सा अनुदान (अधिकतम)<br>upto Hav Rank / हवलदार एवं समतुल्य रैंक तक | 50,000 |
| 6 | Daughter's Marriage Grant (02 Daughters)<br>पुत्री के विवाह के लिये अनुदान (02 पुत्री)<br>upto Hav Rank / हवलदार एवं समतुल्य रैंक तक | 50,000<br>(Each/प्रत्येक) |
| 7 | Vocational Training Grant (One Time)<br>व्यावसायिक प्रशिक्षण अनुदान (केवल एक बार)<br>upto Hav Rank / हवलदार एवं समतुल्य रैंक तक | 50,000 |
| 8 | Serious Diseases Grant (One Time)<br>चिकित्सा अनुदान (केवल एक बार)<br>upto JCO / जे. सी. ओ. एवं समतुल्य रैंक तक | 1,50,000<br>(max/अधिकतम) |
| 9 | Modified Scooter Grant (every 10 years)<br>पारिष्कृत स्कूटर अनुदान (प्रति 10 वर्ष) | 1,00,000<br>(max/अधिकतम) |
| 10 | Paraplegic Rehabilitation Centre, Kirkee<br>पैराप्लेजिक रिहैबिलिटेशन सेंटर, किर्की | 1,60,00,000 |
| 11 | Paraplegic Rehabilitation Centre, Mohali<br>पैराप्लेजिक रिहैबिलिटेशन सेंटर, मोहाली | 45,00,000 |
| 12 | All India Gorkha ESM Association, Dehradun<br>अखिल भारतीय गोरखा भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ, देहरादून | 12,00,000 |
| 13 | War Memorial Hostels (per child)<br>युद्ध स्मारक छात्रावास (प्रति बच्चा) | 16,200 |
| 14 | Cheshire Homes in New Delhi,<br>Lucknow and Dehradun (per inmate)<br>चेशायर होम्स नई दिल्ली, लखनऊ और देहरादून (प्रति आश्रित) | 15,000 |

# GLIMPSES :
# Armed Forces Flag Day Celebration 2022



Chief of Defence Staff



Chief of Army Staff



Chief of Naval Staff



Chief of Air Staff



Financial Adviser (Defence Services)



Secretary of Ex-Servicemen Welfare

| MAJOR CONTRIBUTORS TOWARDS AFFD FUND 2022-23 | | |
|---|---|---|
| S.No. | Name | Amount |
| 1. | Swarn Lata Motherson Trust | 4,66,70,000.00 |
| 2. | Sun TV Network Limited Chennai | 3,00,00,000.00 |
| 3. | LIC Housing Finance | 2,29,79,775.00 |
| 4. | ICICI Bank | 2,00,00,000.00 |
| 5. | BRAHMOS AEROSPACE PVT Ltd | 1,51,00,000.00 |
| 6. | General Insurance Corporation | 98,04,000.00 |
| 7. | Indus Towers Limited | 85,00,000.00 |
| 8. | Hindustan Petroleum Corp Ltd | 75,00,000.00 |
| 9. | The National Small Industries | 70,00,000.00 |
| 10. | Containter Corp of India Ltd | 50,04,000.00 |
| 11. | Bajaj Alianz Finance Limited | 50,00,000.00 |
| 12. | ECGC Ltd | 50,00,000.00 |
| 13. | Gemini Edibles Fats | 50,00,000.00 |
| 14. | Liladhar Passo & Forwarder | 45,00,000.00 |
| 15. | Rising Sun Film Pvt Ltd | 31,10,000.00 |
| 16. | Bharat Electronics Ltd | 30,00,000.00 |
| 17. | Kalpatatu Foundation | 30,00,000.00 |
| 18. | Sigma Electric Mfg Cop Pvt Ltd | 26,86,000.00 |
| 19. | Air Port Authority of India | 26,33,200.00 |
| 20. | Kanti Sweet Pvt Ltd | 25,00,000.00 |
| 21. | Engrs India Ltd | 22,00,000.00 |
| 22. | NHQ 17 | 15,00,000.00 |
| 23. | Talbros Automotive Components Limited | 13,12,000.00 |
| 24. | Ratnamani Metals & Tubes Ltd | 11,00,000.00 |
| 25. | CMP Armoured Veh | 10,38,000.00 |
| 26. | Electronic Corporation of India Limited (ECIL) | 10,00,000.00 |
| 27. | Mahanagar Gas Ltd Mumbai | 10,00,000.00 |
| 28. | Sanzym Biologics Pvt Ltd | 10,00,000.00 |
| 29. | Electronic Payments and Ser Pvt Ltd | 8,71,088.00 |
| 30. | EDCIL India Ltd | 6,00,000.00 |
| 31. | Talbors Pvt Ltd | 5,83,000.00 |
| 32. | Coal India Limited | 5,23,400.00 |
| 33. | Mazagon Dock Shipbuilders Ltd | 5,00,000.00 |
| 34. | Page Industries Ltd | 5,00,000.00 |
| 35. | A Ster DM Health Care Bangalore | 5,00,000.00 |
| 36. | NLC India Ltd Neyveli | 5,00,000.00 |
| 37. | ITI Ltd | 5,00,000.00 |
| 38. | Vardhaman Textiles Ltd | 5,00,000.00 |
| 39. | YY Entertainment Pvt Ltd | 5,00,000.00 |
| 40. | Credit Access India Ltd | 4,80,000.00 |

सशस्त्र सेना झंडा दिवस

7 दिसम्बर – 7 DECEMBER
ARMED FORCES FLAG DAY

**Contribute Generously for Welfare of our Veterans/ हमारे दिग्गजों के कल्याण के लिए उदारतापूर्वक दान दें**

| UPI CODE | For NEFT/RTGS |
|---|---|
| affdf@icici | SBI<br>A/c No: 34420400623<br>IFSC Code: SBIN0001076 |
| Donate online by visiting the website www.affdf.gov.in<br>वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन दान करें | PNB<br>A/c No: 3083000100179875<br>IFSC Code: PUNB0308300 |
| | ICICI Bank<br>A/c No: 182401001380<br>IFSC Code: ICIC0001824 |

DONATIONS ARE EXEMPTED FROM INCOME TAX UNDER (SECTION 80G(5)VI) OF INCOME TAX ACT 1961
इस दान को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G(5)VI के तहत छूट प्राप्त है








**Kendriya Sainik Board**
Department of Ex-Servicemen Welfare
Ministry of Defence, Govt. of India
New Delhi

**केन्द्रीय सैनिक बोर्ड**
पूर्व सैनिक कल्याण विभाग
रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
नई दिल्ली

Websites/वेबसाइट : www.affdf.gov.in, www.ksb.gov.in